2021
HINDI
[HONOURS]
Paper : III

Full Marks : 100 Time : 4 Hours

The figures in the right-hand margin indicate marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 1×5=5

   क) वल्लभाचार्य के सम्पर्क में आने से पूर्व सूरदास किस भाव की भक्ति करते थे ?

   ख) सूरदास का जन्म कहाँ हुआ था ?

   ग) सूरदास को पुष्टिमार्ग का जहाज किसने कहा?

   घ) तुलसीदास के गुरु का क्या नाम था?

   ङ) घनानन्द ने किस भाषा में रचना की है ?

   च) 'अवधू ग्यांन लहरि धुनि मांडी रे ।'—किसकी पंक्ति है ?

   छ) 'पद्मावत' की रचना किस शासक के काल में हुई ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×10=20

   क) बिहारी किस धारा के कवि हैं ? उन्होंने किस भाषा में रचना की है ?

   ख) 'कबीर' किस विधा की रचना है? इसके लेखक का नाम बताइए।

   ग) तुलसीदास द्वारा दो रचनाओं के नाम बताइए।

   घ) 'द्वैतवाद' और 'अद्वैतवाद' के संस्थापकों के नाम बताइए।

   ङ) 'भ्रमरगीत सार' और 'बिहारी रत्नाकर' के संपादकों के नाम बताइए।

   च) तुलसीदास की भक्ति-भावना की किन्हीं दो विशेषताओं के नाम बताइए।

   छ) घनानन्द की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

   ज) घनानन्द किस धारा के कवि हैं ? उस धारा के किसी एक अन्य कवि का नाम लिखे ।

   झ) "कीनै हूँ कोरिक जतन अब कहि काढ़ै कौनु ।"—स से कवि का क्या आशय हैं ?

   ञ) कबीर की रचना तव्या गुरु का नाम बतायें ।

   ट) रामचरित मानस किसकी रचना है तथा कितने काण्डों में विभक्त है ?

   ठ) "संतौ भाई आई ग्यांन की आधी रे ।"से कवि का क्या आशाय है ?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6×3=18

क) हीन भए जल मीन अधीन, कहा कछु मो अकुलानि-समानै ।

नीर-सनेही को लाय कलंक निरास ह्वै कायर त्यागत प्रानै ।

प्रीती की रीति सुक्यौं समुझै जड़, मीत के पानि परे कों प्रमानै ।

या मन की जु दसा घनआनंद जीव की जीवनि जान ही जानै ।।

ख) बूझत श्याम कौन तू गोरी

कहाँ रहति, काकी तू बेटी? देखि नहिं कहूं ब्रज खोरी

काहे को हम ब्रज तनु आवति खेलति रहति आपनी पौरी

सुनत रहति नंद करि झोटा, करत रहत माखन दधि चोरी

तुमरो कहा चारी लेंहे हम, खेलन चलो संग मिलि जोरी

सूरदास प्रभु रसिक-सिरोमनि बातन भुरई राधिका भोरी

ग) हीन भये जल मीन अधीन कहा कछु मो अकुलानि समानै

नीर सनेही सो लाय कलंक निरास हवै कायर त्यागत प्रानै।

घ) नीकी दई अनाकनी, फीकी परी गुहारि ।

तज्यौ मनौ तारन-बिरदु बारक बारनु तारि ।।

ङ) चौसठि दीवा जोइ करि, चौदह चंदा मांहि ।

तिहिं धरि किसकौ चानिणौं, जिहि छरि गोविंद नांहि ।।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : 6×2=12

क) सूरदास की भक्ति भावना ।

ख) सूर की काव्य-भाषा

ग) बिहारी की अलंकार योजना ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15×3=45

क) 'पद्मावत' के काव्य-सौन्दर्य की विवेचना कीजिए ।

ख) जायसी की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

ग) 'बिहारी गागर में सागर भरत हैं' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

घ) बिहारी ने अपने दोहों में गागर में सागर मनरे का प्रयास किया है—कथन के सत्यासत्य पर विचार कीजिए ।

ङ) कबीर की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए ।

च) घनानंद के काव्य-सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए ।